बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-482
25/12/2019

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के जगरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, 25 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद के सामने बने मंच से जल–जीवन–हरियाली अभियान के जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

19 जनवरी 2020 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 12 बजे मध्याह्न तक जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं नशा मुक्ति और शराबबंदी के पक्ष में तथा दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के विरूद्ध बनने वाली मानव श्रृंखला हेतु राज्य के सभी जिलों के लिये एक–एक प्रचार वाहन रथ को रवाना किया गया है। जी0पी0एस0, एल0ई0डी0 स्क्रीन तथा वीडियो कैमरे से सुसज्जित यह प्रचार वाहन प्रति दिन कम से कम तीन कार्यक्रमों में भाग लेगा। 300 से अधिक पंचायत वाले जिलों में रथ का परिचालन 24 दिन, 200 से 300 पंचायत वाले जिलों में रथ का परिचालन 20 दिन तथा 200 से कम पंचायत वाले जिलों में रथ का परिचालन 15 दिनों तक कराया जायेगा। इन रथों के माध्यम से इन तीनों अभियानों यथा जल–जीवन–हरियाली अभियान, नशा मुक्ति और शराबबंदी के पक्ष में तथा दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के विरूद्ध में चलाये जाने वाले अभियान के संबंध में नागरिकों में जागरूकता फैलाया जायेगा तथा मानव श्रृंखला में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव श्री चन्द्रशेखर सिंह, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के निदेशक श्री प्रदीप कुमार झा, जिलाधिकारी कुमार रवि सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******